**A**

**SL. No. : Q**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

**CCE RR**
**REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2018 ] [ Date : 28. 06. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. सियारामशरण गुप्त जी के अनुसार समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
2. बालकृष्ण का रंग कैसा था ?
3. परसाई जी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?
4. प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचा उठा ?
5. दोनों दोस्त जानवरों से मिलने क्यों गये ?
6. कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) पं० राजकिशोर | i) आदिवासी |
| आ) कलाम जी का बचपन | ii) आंतरिक शुद्धि |
| इ) सिंगफो | iii) स्वार्थी |
| ई) राम-नाम जपने से | iv) परोपकारी |
| | v) देश का नाम |
| | vi) सादगी में बीता |
| | vii) नगरवासी । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ......................

9. हैकिंग : अभिशाप : : ई-गवर्नेंस : ........................

10. गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ........................

11. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : शर्मा परिवार का रोबोट : ........................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. 'कश्मीरी सेब' पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ?

13. जैनुलाबदीन नमाज की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ?

14. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से कैसी मदद मिलती है ?

15. रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की ?

16. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है ?

17. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ?

18. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

19. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

20. कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ?

21. शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

टाइटन के बारे में लिखिए ।

22. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

**अथवा**

मीना मैडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।

24. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप का मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

27. 'कन्नड भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अमूल्य है' – स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

असफलता ............................................ ,

.......................................................... ।

........................................................... ,

............................................. भागो तुम ।

**अथवा**

मुखिया............................................... ।

...................................... सहित विवेक ।।

## खण्ड - ख
### ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन है —

(A) कमरा (B) कपड़े
(C) आँख (D) दीवार ।

30. 'आदमी' शब्द का अन्य लिंग है —

(A) लड़की (B) पत्नी
(C) औरत (D) पुरुष ।

31. 'अच्छाई' शब्द का विलोम शब्द है —

(A) बुराई (B) भलाई
(C) अच्छी (D) सच्चाई ।

32. निम्न में 'वृद्धि संधि' का उदाहरण है —

(A) जलाशय (B) मतैक्य
(C) इत्यादि (D) दिग्गज ।

33. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रियारूप है —

(A) लेखन (B) लिखावट
(C) लिखाना (D) लिखाई ।

34. निम्न में 'द्वंद्व' समास का उदाहरण है —

(A) नीलकंठ (B) देशप्रेम
(C) पंचवटी (D) दिन-रात ।

35. मोटर उसके ऊपर से निकल गई !
इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है —

(A) अल्पविराम (B) उद्धरण
(C) विस्मयादिबोधक (D) पूर्णविराम ।

36. गिल्लू सुराही ......................... लेट जाता था ।
रिक्त स्थान में उचित कारक होगा —

(A) से (B) में
(C) पर (D) को ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

लोभ बहुत बड़ा दुर्गुण है । यह एक असाध्य रोग है । दुःख का मूल कारण ही लोभ है । धनी आदमी अधिक धन कमाने के प्रयत्न में लोभी बन जाता है । प्राप्त धन से वह कभी भी संतुष्ट नहीं हा पाता । भूखा पेटभर खाना मिलने पर तृप्त हो जाता है । लोभी की दुराशाएँ बढ़ती ही जाती हैं, इसलिए वह हमेशा अतृप्त ही रहता है । लोभ बीमारी का लक्षण है । संतोष निरोगता का लक्षण है । इसलिए मनुष्य को लोभ छोड़कर, जो प्राप्त है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए ।

37. धनी आदमी क्यों लोभी बनता है ?

38. भूखा आदमी कैसे तृप्त हो जाता है ?

39. लोभी हमेशा क्यों अतृप्त रहता है ?

40. मनुष्य कैसे संतुष्ट रह सकता है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$

41. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ ।

42. मैं भीख नहीं लूँगा ।

43. रामेश्वरम् प्रसिद्ध तीर्थस्थल है ।

44. कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है ।

X. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय से संबंधित पत्र लिखिए : $1 \times 4 = 4$

45. कोई कारण बताकर, तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक का पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 46. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$

क) ग्राम सुधार

* प्रस्तावना
* आवश्यक सुविधाएँ
* सुधारने के उपाय
* उपसंहार ।

ख) इंटरनेट का महत्व

* अर्थ / व्याख्या
* उपयोग / सुविधाएँ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

ग) कर्नाटक का वैभव

* प्रस्तावना
* प्राकृतिक परिवेश
* विशेषताएँ
* उपसंहार ।